# मोदी जिस विचारधारा का नेतृत्व कर रहे, उसका जन्म ग्वालियर की सरजमीं पर हुआ : खंडेलवाल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जुलाई.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी आज जिस विचारधारा का नेतृत्व करते हुए दुनिया भर में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं, उस

**अटल सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बताई प्राथमिकताएं, दिलाए संकल्प**

विचारधारा का जन्म इसी ग्वालियर की सरजमीं पर हुआ था। आप सभी कार्यकर्ता सामान्य कार्यकर्ता नहीं हैं। आप सभी खुद को गौरवांन्वित महसूस करें कि आप अटलजी और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि के कार्यकर्ता हैं। देश को हजारों साल पहले जैसी बुलंदियों पर ले जाने नरेन्द्र मोदी कार्य कर रहे हैं, इसके लिए सभी कार्यकताओं को भाजपा को और मजबूत करना होगा। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकार और जनता के बीच सेतु बनकर कार्य करें और हारे हुए बूथों को जीतकर पार्टी को और बुलंदियों तक पहुंचाने में जुट जाएं। खंडेलवाल ने रात्रि में केंसर पहाड़ी पर वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक भी ली।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने जीवाजी विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा भी रोपा। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद इस दौरान मंचासीन रहे। कार्यक्रम को पार्टी के वरिष्ठ नेता व महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, प्रदेश शासन के





मंत्रीगण नारायण सिंह कुशवाह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह एवं जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने भी संबोधित किया।

खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने और उसे आज विराट स्वरूप तक पहुंचाने में ग्वालियर का अतुलनीय योगदान रहा है। ग्वालियर के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने इसी ग्वालियर के दौलतगंज स्थित एक धर्मशाला से भाजपा की विचारधारा को प्रतिपादित किया। पार्टी संगठन को जब धन की आवश्यकता पड़ी तो राजमाता सिधिया ने अपनी सगाई की अंगूठी तक दे दी थी।

**कार्यकर्ता की चिंता कैसे की जाती है यह खंडेलवाल में कूट कूट कर भरा है- प्रद्युम्न सिंह-** इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हम ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। तब बेंगलुरु में मेरे साथ खण्डेलवाल पार्टी की तरफ से भूमिका निभा रहे थे। कार्यकर्ता की चिंता कैसे की जाती है यह उनमें कूट कूट कर भरा है।

महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया ने कहा कि जब पं. दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के अध्यक्ष बने तब परंपरा थी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कहीं जाते थे तो शोभा यात्रा निकलती थी। तब पं. दीनदयाल ने कहा कि मैं नेता नहीं, प्रचारक हूं।

**नया भारत युवा पीढ़ी का भारत होगा- राजौरिया-** इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि हेमन्त खण्डेलवाल के नेतृत्व में बूथ को मजबूत बनाकर भाजपा आने वाले चुनावों में इतिहास रचेगी। नरेन्द्र मोदी जी एवं डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुचांकर उन्हें लाभ दिलाने का कार्य करेंगे।

## मूसलाधार बारिश में हेमन्त खंडेलवाल का सत्येन्द्र शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक स्वागत किया





ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खंडेलवाल का आज मूसलाधार बारिश के बीच रेलवे स्टेशन बजरिया पर ऐतिहासिक और अभूतपूर्व भव्य स्वागत भाजपा जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और गर्मजोशी के साथ किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खंडेलवाल ट्रेन से ग्वालियर पहुंचे तब तेज बारिश शुरू हो गई, लेकिन भारी बारिश भी कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं कर सकी और सत्येन्द्र शर्मा के नेतृत्व में मूसलाधार बारिश में भीगते हुए कार्यकर्ता 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद', 'हेमन्त खंडेलवाल जिंदाबाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया जिंदाबाद' और 'जय श्री राम' के गगनभेदी नारों के साथ स्वागत में डटे रहे। रेलवे स्टेशन बजरिया पर जब प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खंडेलवाल पहुंचे तो कार्यकर्ताओं के जोश का सम्मान करते हुए बारिश में भीगते हुए सत्येन्द्र शर्मा के मंच पर पहुंच गए जहां सत्येन्द्र शर्मा एवं पांच सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने श्री हेमन्त खंडेलवाल का बड़ी फूल-माला से अभिनंदन कर जोरदार स्वागत किया। इस आत्मीय स्वागत से गदगद प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खंडेलवाल ने सत्येन्द्र शर्मा की पीठ थपथपाकर सराहना की और सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रदान कीं। भारी बारिश के बावजूद सत्येन्द्र शर्मा एवं कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। यह ऐतिहासिक पल लंबे समय तक कार्यकर्ताओं के स्मरण में बना रहेगा और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण को दर्शाता है। आज भव्य स्वागत करने वालो में भाजपा के जिला मंत्री सत्येन्द शर्मा के साथ राजेन्द्र खटीक, मुलायम यादव, प्रयाग तोमर, दिलीप शर्मा, प्रणव शर्मा, जीतू कमरिया, गौरव शर्मा, माधव पचोरी, रोनित राठौर, लखन लाल शर्मा, महिपत गुर्जर, प्रतीक पाराशर, जितेंद्र यादव, विनोद शर्मा, अनिल सिसोदिया, पुनीत शर्मा, देवेन्द्र गुर्जर, लखन लाल शर्मा, जोगेंद्र गुर्जर, राजेन्द्र तिवारी, जेनिस गर्ग, नितिन अग्रवाल, आशीष राणा, रजत सविता, दीपक चौहान, चिंटू खंडेलवाल, सचिन स्यामल, दीपक चौहान, आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के प्रथम ग्वालियर नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। खण्डेलवाल का ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यकताओं और आमजन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बस स्टैण्ड तिराहा, डीबी मॉल, एनसीसी गेट, स्टेशन चौराहा, राजा मानसिंह चौराहा, होटल तानसेन, सेंट्रल पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जीआरपी थाने के समीप ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, वार्ड 16 के पार्षद महेन्द्र आर्य ने भव्य स्वागत किया। मानसिंह चौराहे पर देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू भैया, राज भौंड, धर्मेंद्र सिंह तोमर बिट्टू ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनन्दन किया। पार्षद गुड्डू रत्नाकर, निगम उप सभापति गिर्राज कंसाना, वरिष्ठ नेता सत्यम द्विवेदी आदि ने भी विभिन्न स्थानों पर खंडेलवाल का स्वागत किया। तत्पश्चात जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ। बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने विभिन्न स्थानों पर मंचों के माध्यम से उनका आत्मीय स्वागत किया। सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर लोगों ने पुष्पवर्षा कर व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। खण्डेलवाल ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।









भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गुरुवार को मध्यप्रदेश विधानसभा श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं प्रदेश शासन के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर संभाग प्रभारी विजय दुबे एवं जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया उपस्थित रहे।



अटल जी के निवास पर

# जोरदार बारिश से हवा में घुली ठंडक रात में हल्की ठंड का अहसास

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जुलाई.** शहर में शाम चार बजे जोरदार बारिश शुरू हुई एक घण्टे लगातार बारिश होने से मौसम में परिवर्त हुआ है लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली और

**पिछले साल से 349.9 मिमी बारिश ज्यादा दर्ज**

**यलो जोन में ग्वालियर**



रात में हल्की ठंड का अहसास होने लगा है पिछले साल की तुलना में इस बार 349.9 मिमी औसत बारिश ज्यादा दर्ज हुई है। इस बार बारिश ने कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जिले में बीते रोज तक जून से लगातार बारिश हो रही थी, हालांकि अब यह दौर आगामी दो-तीन दिन थमा रहेगा, क्योंकि ग्वालियर यलो जोन में आ गया है। शहर में बीते साल 2024 में अब तक 277.1 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई थी, जबकि इस बार अब तक 627 मिमी औसत बारिश दर्ज हो चुकी है। ऐसे में इस बार जिले में बीते वर्ष की तुलना में 349.9 मिमी औसत बारिश ज्यादा दर्ज हो चुकी है। जिले की औसत बारिश का आंकड़ा 706.4 मिमी है, जिसे पूरा होने में अब सिर्फ 79.4 मिमी औसत बारिश की जरुरत है। बारिश के चलते जिलेभर के डैम फुल हो चुके हैं, बुधवार को एक बार फिर से तिघरा डैम के 5 गेट खोले गए, जिनसे पानी निकाला गया, क्यों कि तिघरा का वाटर लेवल 738 पर चल रहा है जो कि फुल है। ऐसे में बारिश बीते रोज हुई बारिश के कारण डैम में लगातार पानी बढ़ रहा था, जिसे खाली किया गया। बारिश के दौर के बीच न्यूतनम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे रात के समय ठंडक रही, वहीं आर्द्रता 88 फीसदी दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आगामी दो-तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा, जिसमें बारिश की संभावना कम रहेगी, जबकि दिन के समय धूप-छांव का दौर रहेगा.

### संभाग के इन जिलों में होगी भारी बारिश

ग्वालियर तो यलो जोन में है, जहां बारिश की संभावना कम रहेगी, इसी तरह दतिया, भिंड और मुरैना में बारिश की संभावना कम है। वहीं अंचल के गुना, अशोकनगर, शिवपुरी व श्योपुर जिलों में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। जिसमें वज्रपात से लेकर 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी।

# पारिवारिक विवाद में जमकर चले डंडे, गाड़ियां पड़ोसियों की फूटी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जुलाई.** माधौगंज थाना क्षेत्र के आपागंज में बुधवार की रात जमकर हंगामा हुआ। दो पक्ष जो आपस में रिश्तेदार हैं भिड़ गए। बात के बाद मुंहवाद और उसके बाद सिर-फुटव्वल की स्थिति बन गई। जिसके हाथ जो लगा उससे हमला कर दिया, गाड़ियां तोड़ दीं। हंगामे की खबर सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई। दोनों पक्ष की बात सुनने के बाद पुलिस ने क्रॉस मामला कायम कर लिया है। कब्रिस्तान रोड पर आपागंज में रहीश खान पुत्र हनीफ खान रहते हैं। फजल खान पुत्र आलमगीर खान निवासी गोरियन टोला मौ जिला भिंड का इनसे पुराना विवाद चला आ रहा है। विवाद झांसी में चोरी की एक एफआईआर को लेकर है। दोनों परिवार में मामा-बुआ की बेटियों की शादी हुई है।

बताया गया है कि रहीश खान के परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ झांसी में चोरी की एफआईआर दर्ज है। इसी के सिलसिले में बात करने के लिए दोनों परिवार एकत्रित हुए थे। बात-चीत के लिए कुछ रिश्तेदार जिला भिंड के मौ से भी आए थे। बुधवार कीरात दोनों परिवार बातचीत के लिए एकत्रित हुए, लेकिन बात विवाद में बदल गया और दोनों पक्षों के बीच हाथा-पायी हो गई। लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया गया। लड़ाई में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं और वह भी शामिल हो गईं। लड़ाई में नुकसान पड़ोसियों का भी हो गया। घरों के बाहर खड़ी एक लोडिंग तथा दो बाइकों के कांच टूट गए तो किसी का हैंडल खराब हो गया। हंगामा होने की खबर लगते ही माधौगंज थाना प्रभारी दिव्या तिवारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचीं और हंगामा व मारपीट करने वालों को पकड़कर थाने ले आईं। थाने में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद थाना प्रभारी दिव्या तिवारी ने दोनों पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला कायम कर लिया।

**समझौता न होने पर हुई मारपीट**

आपागंज में हंगामा करने वाले आपस में रिश्तेदार हैं और झांसी में एक पक्ष के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज है। इसी सिलसिल में समझौते के लिए बात करने एकत्रित हुए थे। कुछ लोग भिंड के मौ से भी आए थे। समझौता तो हुआ नहीं, मारपीट हो गई। क्रॉस में मामला दर्ज कर लिया गया है।

**किरण अहिरवार, सीएसपी,लश्कर**

### ग्वालियर-चंबल संभाग में मौजूदा वित्तीय वर्ष में लगभग 48,839 मैट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य

**ग्वालियर 17 जुलाई.** ग्वालियर - चंबल संभाग में मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग 48 हजार 839 मैट्रिक टन मत्स्योत्पादन (मछली उत्पादन) का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें ग्वालियर संभाग के लिये लगभग 38 हजार 260 मैट्रिक टन व चंबल संभाग के लिये लगभग 10 हजार 579 मैट्रिक टन मत्स्योत्पादन शामिल है। ग्वालियर संभाग के ग्वालियर जिले के लिये 3 हजार 391 मैट्रिक टन से अधिक, दतिया के लिये 2 हजार 876 मैट्रिक टन, शिवपुरी के लिये 16 हजार 335 मैट्रिक टन, गुना के लिये 8 हजार 303 मैट्रिक टन एवं अशोकनगर जिले के लिये 7 हजार 354 मैट्रिक टन से अधिक मत्स्योत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95